आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 24.11.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ''एक पेड़ मां के नाम अभियान'' के तहत पांच महीनों में 100 करोड़ पेड़ लगाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि की सराहना की।
- श्री मोदी ने युवाओं से बुजुर्गों को साइबर धोखाधड़ी से बचाने के लिए आगे आने को कहा। उन्होंने दोहराया कि डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं।
- उत्तराखंड में हिमनद झीलों के संभावित खतरों का आकलन करने के लिए विशेषज्ञों की दो टीमें गठित की गईं।
- प्रधानमंत्री आवास योजना– ग्रामीण के तहत टिहरी जिले में 3 हजार 230 आवास बनकर तैयार हुए।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान ने केवल पांच महीनों में 100 करोड़ पेड़ लगाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त कर ली है। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने पूरे देश के लोगों के इस अभियान में भाग लेने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि यह अभियान अब दुनिया के अन्य देशों में भी फैल रहा है।

प्रधानमंत्री ने युवाओं से बुजुर्गों को साइबर धोखाधड़ी से बचाने के लिए आगे आने को कहा। उन्होंने जोर देकर कहा कि बुजुर्ग ऐसे अपराधों के सबसे आसान शिकार होते हैं और उन्हें साइबर धोखाधड़ी से सुरक्षित रखना सभी का दायित्व है। श्री मोदी ने दोहराया कि सरकार में डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है।

**मन की बात–02**

प्रधानमंत्री ने गैर–राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों के युवाओं से राजनीति में शामिल होने का आग्रह किया है। श्री मोदी ने कहा कि ऐसे एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए देश में कई विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

आज राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस पर श्री मोदी ने कैडेट के रूप में अपने दिनों का स्मरण किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में एनसीसी से जुड़ने का आग्रह किया।

## मन की बात–03

मन की बात के 116वें संस्करण को प्रदेश भर में विभिन्न स्थानों पर सुना गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में इस कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम हमेशा प्रेरणादायी होता है। श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के सामूहिक प्रयासों, युवाओं के सपनों और नागरिकों की आकांक्षाओं को साझा कर देशवासियों को बेहतर काम करने के लिए प्रेरित करते हैं।

## गायत्री महायज्ञ

हरिद्वार के रामलीला मैदान में पांच दिवसीय ''251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ'' का आज समापन हो गया। महायज्ञ के अंतिम दिन हजारों लोगों ने राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए प्रार्थना की। समापन समारोह में अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रतिनिधि डॉ. चिन्मय पंड्या ने लोगों को सद्गुणों के प्रसार, पर्यावरण और जल संसाधनों के संरक्षण का संकल्प दिलाने के साथ ही अंगदान करने के लिए प्रेरित किया। पांच दिवसीय इस महायज्ञ में दिल्ली, बिहार, झारखंड, यूपी, उत्तराखंड, एमपी और हरियाणा से हजारों लोगों ने आहुतियां दीं।

## हिमनद

उत्तराखंड में पांच हिमनद झीलों को लेकर संकट की स्थिति को देखते हुए व्यापक सर्वेक्षण और आपदा न्यूनीकरण के उपाय किए जा रहे हैं। राज्य आपदा प्रबंधन और पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि प्रदेश में चिन्हित की गई अति संवेदनशील हिमनद झीलों पर गहन अध्ययन कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य संभावित खतरों को समय रहते रोकना और सुरक्षा उपायों को लागू करना है।

गौरतलब है कि हिमालयी राज्यों में कुल 188 ग्लेशियल झीलें चिन्हित की गई हैं, जिनमें उत्तराखंड की 13 झीलें भी शामिल हैं। इनमें से पांच झीलों को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इनसे संभावित खतरों का आकलन करने के लिए विशेषज्ञों की दो टीमें बनाई गई हैं, जो इन झीलों का अध्ययन और सर्वेक्षण कर रही हैं।

## बाइब्रेट विलेज योजना

वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत राज्य के पर्वतीय जिलों में स्थानीय पशुपालकों और किसानों के माध्यम से भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल को मांस, मछली और चिकन की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। इस योजना का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ ही पशुपालकों और किसानों की आय में वृद्धि करना है। साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में हो रहे पलायन पर रोक लगाना है। यह जानकारी देते हुए चंपावत जिले के सहायक मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. नंदन प्रसाद आगरी ने बताया कि चंपावत और पिथौरागढ़ स्थित आईटीबीपी चौकियों में कल से मांस, मछली और चिकन की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

## प्रधानमंत्री आवास योजना

केंद्र सरकार ''प्रधानमंत्री आवास योजना– ग्रामीण'' के तहत देशभर के साथ ही प्रदेश में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को पक्का आवास उपलब्ध करा रही है। इसी क्रम में टिहरी जिले में योजना के तहत अब तक 03 हजार 230 आवास बनकर तैयार हो चुके हैं। परियोजना निदेशक डीआरडीए टिहरी पी.एस.चौहान ने बताया कि योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2016–17 से 2023–24 तक जिले को मिले लक्ष्य 03 हजार 235 के सापेक्ष सभी लाभार्थियों को 03 हजार 230 आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं तथा शेष 05 आवासों पर कार्य गतिमान है। उन्होंने बताया कि आवास से छूटे परिवारों का सर्वे कार्य गतिमान है। श्री चौहान ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2016–17 से आवास निर्माण के लिए 1 लाख 30 हजार की अनुदान धनराशि का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार और मनरेगा से 95 दिन की मजदूरी अंश के भुगतान का प्रावधान है।

## बॉक्सिंग प्रतियोगिता

अल्मोड़ा स्थित सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय महिला और पुरुष बॉक्सिंग प्रतियोगिता आज पिथौरागढ़ के स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुरू हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव देवेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि इस मंच से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर मानस महाविद्यालय के निदेशक देवाशीष पंत ने कहा कि प्रतियोगिता में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों के 45 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का समापन कल होगा।